# 28 September 2019 Current Affairs – Download Pdf

By **admin** - September 28, 2019

## 28 सितम्बर 2019 महत्वपूर्ण सामयिकी (Current Affairs ) प्रश्नोत्तरी हिंदी भाषा में

प्रश्न 1. केंद्र सरकार ने एकता और अखंडता के क्षेत्र में योगदान के लिए किस भारतीय राजनीतिज्ञ के नाम पर सर्वोच्च नागरिक सम्मान पुरस्कार की शुरूआत की है?
क. अटल बिहारी वाजपेयी
**ख. सरदार वल्लभभाई पटेल**
ग. इंदिरा गाँधी
घ. नरेंद्र मोदी

**उत्तर:** ख. सरदार वल्लभभाई पटेल – केंद्र सरकार ने हाल ही में एकता और अखंडता के क्षेत्र में योगदान के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल के नाम पर सर्वोच्च नागरिक सम्मान पुरस्कार की शुरूआत की है. इस पुरस्कार की घोषणा सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर की जाएगी.

---

प्रश्न 2. भारत की किस पूर्व भारतीय महिला धाविका को आईएएएफ के वेटरन पिन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है?
क. अश्विनी नचप्पा
ख. ललिता बाबर
**ग. पीटी ऊषा**
घ. दुती चंद

**उत्तर:** ग. पीटी ऊषा – भारत की पूर्व भारतीय महिला धाविका पीटी ऊषा को आईएएएफ की 52वीं कॉन्फ्रेंस में में अंतरराष्ट्रीय ऐथलेटिक्स महासंघ (आईएएएफ) के वेटरन पिन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है. इस पुरस्कार से एशिया से तीन खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया है.

---

प्रश्न 3. 28 सितम्बर को विश्वभर में कौन सा दिवस मनाया जाता है?
क. विश्व टीबी दिवस
**ख. विश्व रेबीज दिवस**
ग. विश्व एड्स दिवस
घ. विश्व कैंसर दिवस

**उत्तर:** ख. विश्व रेबीज दिवस – 28 सितंबर को हर वर्ष पुरे विश्व में विश्व रेबीज दिवसमनाया जाता है. इस दिवस का मुख्य उद्देश्य रेबीज की रोकथाम के बारे में जागरूकता फैलाना है. आज के दिन विश्व रेबीज दिवस फ्रांस के प्रसिद्ध रसायनज्ञ और सूक्ष्मजीवविज्ञानी लुई पाश्चर की पूण्यतिथि के अवसर मनाया जाता है.

---

प्रश्न 4. निम्न में से किस पूर्व क्रिकेटर को निर्विरोध सीएबी का अध्यक्ष चुना गया है?
क. सचिन तेंदुलकर
**ख. सौरव गांगुली**
ग. कपिल देव
घ. विनोद काम्बली

**उत्तर:** ख. सौरव गांगुली – भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को निर्विरोध सीएबी का अध्यक्ष चुना गया है. वे जुलाई-2020 तक सीएबी के अध्यक्ष रहेंगे. इसके बाद वे बीसीसीआई के संविधान के अनुसार, "कूलिंग ऑफ पीरियड" पर चले जायेंगे. वे दूसरी बार सीएबी के अध्यक्ष बने हैं. इससे पहले वे 2015 में चुने गए थे.

---

प्रश्न 5. विश्व चैम्पियनशिप में सिल्वर मेडल जीतने वाले किस खिलाडी ने पुरुषों की 86 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ल्ड रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया है?
क. बजरंग पुनिया
**ख. दीपक पुनिया**
ग. पीवी कश्यप
घ. सुशील कुमार

**उत्तर:** ख. दीपक पुनिया – विश्व चैम्पियनशिप में सिल्वर मेडल जीतने वाले दीपक पुनिया ने पुरुषों की 86 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ल्ड रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया है. वे जूनियर वर्ल्ड चैम्पियन में चोट के कारण फाइनल नहीं खेल पाए थे. उन्होंने 82 अंकों के साथ बजरंग पूनिया को पीछे छोड़कर पहला स्थान हासिल किया है.

---

प्रश्न 6. अमेरिका ने किस देश के सरकारी अधिकारियों और उनके परिवार के सदस्यों का देश में प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया है?
क. चीन
ख. इराक
**ग. ईरान**
घ. ऑस्ट्रेलिया

**उत्तर:** ग. ईरान – अमेरिका ने हाल ही में ईरान के सरकारी अधिकारियों और उनके परिवार के सदस्यों को देश के प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया है. अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पियो ने कहा है की कई वर्षो से ईरानी अधिकारी और उनके परिवार के सदस्य चुपचाप अमेरिका की स्वतंत्रता और समृद्धि का फायदा ले रहे हैं.

---

प्रश्न 7. निम्न में से किस देश की सरकार ने देश के सबसे बड़े 65 वर्ष के हाथी "नंडुनगमुवा राजा" की सुरक्षा के लिए सेना के जवान तैनात किए हैं?
क. भारत सरकार
ख. अमेरिकी सरकार
ग. पकिस्तान सरकार
**घ. श्रीलंका सरकार**

**उत्तर:** घ. श्रीलंका सरकार – श्रीलंका सरकार ने हाल ही में देश के सबसे बड़े 65 वर्ष के हाथी नंडुनगमुवा राजा की सुरक्षा के लिए सेना के जवान तैनात किए हैं. हाथी नंडुनगमुवा राजा की ऊंचाई 10.5 फीट है यह श्री लंका के सबसे बड़ा हांथी है. यह हांथी कई उत्सवों में हिस्सा लेने के लिए मुख्य मार्गो से गुजरता है.

---

प्रश्न 8. एशियाई विकास बैंक की रिपोर्ट के मुतबिक, कौन सा देश दक्षिण एशिया में सबसे कम जीडीपी वाला देश है?
क. अफगानिस्तान
ख. श्रीलंका
**ग. पाकिस्तान**
घ. भारत

**उत्तर:** ग. पाकिस्तान – हाल ही में जारी की गयी एशियाई विकास बैंक की रिपोर्ट के मुतबिक, पाकिस्तान मौजूदा वित्त वर्ष 2019-20 में दक्षिण एशिया में सबसे कम जीडीपी वाला देश है. पकिस्तान की जीडीपी 2.8 फीसदी रहने का अनुमान है. पकिस्तान के बाद अफगानिस्तान (3.4 फीसदी), श्रीलंका

फीसदी), भूटान (6 फीसदी) और भारत (7.2 फीसदी) की जीडीपी का अनुमान है.

---

प्रश्न 9. किस देश ने पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अब टूरिस्ट वीजा जारी करने की घोषणा की है?
क. जापान
ख. चीन
ग. मालदीव
**घ. सऊदी अरब**

**उत्तर:** घ. सऊदी अरब – सऊदी अरब ने हाल ही में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अब टूरिस्ट वीजा जारी करने की घोषणा की है. सऊदी अरब अपनी अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए तेल पर निर्भरता कम करना चाहता है.

---

प्रश्न 10. भारत, जापान और किस देश के बीच जापान के ससेबो शहर के समीप पश्चिमी प्रशांत महासागर में मालाबार सैन्य अभ्यास की शुरुआत हुई है?
क. चीन
**ख. अमेरिका**
ग. ऑस्ट्रलिया
घ. अफ्रीका

**उत्तर:** ख. अमेरिका – भारत, जापान और अमेरिका के बीच जापान के ससेबो शहर के समीप पश्चिमी प्रशांत महासागर में मालाबार सैन्य अभ्यास की शुरुआत हुई है. इस युद्धाभ्यास में तीनो देशो अपनी सामरिक और सैन्य साझेदारी का संयुक्त प्रदर्शन भी करेंगे. साथ ही तीनो देशो के बीच आपसी सहयोग को मजबूती मिलेगी.

---

**बीते काल के करंट अफेयर्स प्रश्नोत्तरी देखे:**

## 27 September 2019 Current Affairs in Hindi – Download PDF

DOWNLOAD PDF

,

,

## Also Download Other PDFs From Here

- **Indian GK**
- **Indian Geography**

**admin**